# BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI ROAD, LUDHIANA

## Assignment no 6

## Hindi VIII 2023

## Answer Key

पाठ **11** , विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, कारक.

**1)**निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर ध्यानपूर्वक उत्तर दीजिए।**(5)**

भारत वर्ष सदा क़ानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है ।आज एकाएक क़ानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, क़ानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि लोग धर्म -भीरू है, वे क़ानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

इस बात के पर्याप्त प्रमाण खोजे जा सकते हैं कि समाज के उपरी वर्ग में चाहे जो भी होता रहा हो,भीतर- भीतर भारत वर्ष आप भी ये अनुभव कर रहा है कि धर्म क़ानून से बडी चीज़ है। अब भी सेवा, ईमानदारी, अच्छाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं।वे दब अवश्य गए हैं लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं। आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है ,महिलाओं का सम्मान करता है, झूठ और चोरी को ग़लत समझता है। दूसरो को पीड़ा पहुँचाने को पाप समझता है।हर आदमी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस बात का अनुभव करता है।

क) आज भारत की क्या स्थिति है**?**

उत्तर-आज भारत की यह स्थिति है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ तथा फ़रेब का रोज़गार करने वाले फल- फूल रहे हैं।

ख) भारत किसे धर्म के रूप में देखता है**?**

उत्तर-क़ानून को

ग) किस को धोखा दिया जा सकता है**?**

उत्तर-क़ानून को

घ) प्रमाण शब्द में उपसर्ग अलग करो।

उत्तर- प्र (उपसर्ग)

ड) दूसरों को पीड़ा पहुँचाने को क्या कहते हैं**?**

उत्तर-पाप कहते हैं।

**2)** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।**(4)**

क)उपलब्ध-अनुपलब्ध

ख) भूत- भविष्य

ग) विरोध- समर्थन

घ) संयोग- वियोग

**3)** निम्नलिखित शब्दों के समरूपी भिन्नार्थक शब्द लिखे।**(4)**

क)उपयुक्त-ठीक

ख) उपर्युक्त -ऊपर कहा गया

ग)वह शराब पीने का —---- हैं ।(आदि,आदी✅)

घ)फूल पर —---रस चूस रहा है ।(अली, अलि)✅

**4)** शब्द चुनकर कारक के भेद लिखो।**(2)**

क) राम <u>ने</u> रावण <u>को</u> बाण <u>से</u> मारा।(कर्ता ,कर्म , करण कारक)

ख) राम छत <u>से</u> गिर गया।(अपादान कारक)